साप्ताहिक न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक


## महिला दिवस पर शुरू होगा राष्ट्रीय पोषण मिशन

नई दिल्ली। (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गुरुवार को राजस्थान के झुंझुनूं जिले में महत्वकांक्षी योजना 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' को राष्ट्रीय स्तर पर लागू करने की घोषणा तथा राष्ट्रीय पोषण मिशन का उद्घाटन करेंगे। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने आज यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि बहु प्रतीक्षित राष्ट्रीय पोषण मिशन का उद्घाटन प्रधानमंत्री आठ मार्च को झुंझुनूं में करेंगे। इस अवसर पर 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना को पूरे देश में लागू करने की घोषणा भी की जाएगी। फिलहाल यह योजना 161 जिलों में लागू है जिसे सभी 640 जिलों में लागू किया जाएगा। इस अवसर पर मोदी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना से लाभ लेने वाली माताओं और लड़कियों से भी बातचीत करेंगे और इस योजना में बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिलों को सम्मानित करेंगे। वह राष्ट्रीय पोषण मिशन एवं समेकित बाल विकास योजना के एक ऐप का लोकार्पण भी करेंगे। वित्त वर्ष 2018-19 के आम बजट में 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना के लिए आवंटन 200 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 280 करोड़ रुपए करने का प्रावधान किया गया है। राष्ट्रीय पोषण मिशन के लिए आवंटन 950 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 3000 करोड़ रुपए कर दिया गया है।

## जर्मनी को पछाड़ भारत ने अरबपतियों की फोर्ब्स लिस्ट में बनाया तीसरा स्थान

नई दिल्ली, (आरएनएस)। अरबपतियों की कुल संख्या के मामले में भारत पहली बार दुनिया में तीसरे नंबर पर आ गया है। फोर्ब्स की बिलेनियर्स की लिस्ट में इस बार भारत ने जर्मनी को पछाड़ दिया। सबसे ज्यादा अरबपति अमेरिका में हैं। उसके बाद चीन का नंबर आता है। इस लिस्ट के मुताबिक, भारत में इस साल 19 नए अरबपति जुड़े हैं और कुल अरबपतियों की संख्या 121 हो गई है जो पिछले साल 102 थी। प्रतिष्ठित पत्रिका फोर्ब्स ने इस साल की अरबपतियों की वैश्विक सूची जारी कर दी है। फोर्ब्स ने कहा है कि उद्योगपति मुकेश अंबानी की संपत्ति पिछले साल के मुकाबले 16.9 बिलियन डॉलर (1.09 लाख करोड़ रुपये) बढ़ी है और वह 40.1 अरब डॉलर (करीब 2.60 लाख करोड़ रुपये) की संपत्ति के साथ देश के सबसे अमीर व्यक्ति बने हुए हैं। हालांकि, दुनिया में उनका नंबर 19वां है। 2017 की लिस्ट में अंबानी 23.2 बिलियन डॉलर के साथ 33वें नंबर पर थे। यानी, मुकेश अंबानी एक साल में 13 पायदान आगे बढ़ गए हैं। देश की दिग्गज सॉफ्टवेयर कंपनी विप्रो के अजीम प्रेमजी इस साल लक्ष्मी मित्तल को



पीछे छोड़ते हुए देश के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। पिछले साल प्रेमजी वैश्विक सूची में 72वें नंबर पर थे और इस साल वह 18.8 बिलियन डॉलर (1.22 लाख करोड़) की संपत्ति के साथ 58वें नंबर पर जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। स्टील किंग लक्ष्मी मित्तल की कुल संपत्ति बढ़कर 18.5 बिलियन डॉलर (1.20 लाख करोड़ रुपये) हो गई है, लेकिन वह 56 से 62वें नंबर पर फिसल गए हैं। सॉफ्टवेयर कंपनी एचसीएल के फाउंडर शिव नादर चौथे सबसे अमीर भारतीय हैं। 14.6 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ ग्लोबल लिस्ट में वह 98वें नंबर पर हैं। सन फार्मा के फाउंडर दिलीप सांघवी पांचवें सबसे अमीर भारतीय हैं। ग्लोबल लिस्ट में वह 12.8 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ 115वें नंबर पर हैं। फोर्ब्स की लिस्ट में सबसे अमीर भारतीय महिला जिंदल स्टील ऐंड पावर की सावित्री जिंदल हैं। ग्लोबल लिस्ट में वह 8.8 बिलियन डॉलर के साथ 176वें नंबर पर हैं। पेटीएम के फाउंडर विजय शेखर शर्मा 1.7 बिलियन डॉलर के साथ ग्लोबल लिस्ट में जगह बनानेवाले सबसे कम उम्र के भारतीय हैं।

## नीरव मोदी केस में हाई कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय को नोटिस भेजा

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। दिल्ली हाई कोर्ट ने नीरव मोदी के केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में हम ईडी के पक्ष को भी जानना चाहते हैं। बता दें कि 13 हजार करोड़ के फ्रॉड केस में नाम आने के बाद नीरव ने अमेरिका के एक कोर्ट में दिवालिया होने की अर्जी दी है। कोर्ट ने इस मामले में यह भी कहा कि यह केस फिलहाल काफी धुंधला और अस्पष्ट नजर आ रहा है। कोर्ट ने नीरव मोदी की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा, हम इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय का भी पक्ष जानना चाहते हैं। ऐसा लग रहा है कि नीरव मोदी के वकील विजय अग्रवाल भी फिलहाल तथ्यों को लेकर पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हैं।कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में यह भी कहा कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कितना पैसा इसमें शामिल है। यह भी स्पष्ट नहीं है कि कौन सी अथॉरिटी के तहत प्रवर्तन निदेशालय प्रॉपर्टी की जांच करना चाहता है। बता दें कि जूलर नीरव मोदी की कंपनियों फायरस्टार डायमंड इंक, ए जैफे इंक और फैंटसी इंक ने अमेरिका में दिवालिया होने की अर्जी में जो जानकारियां दी हैं, उनकी तुलना सीबीआई की एफआईआर से करने पर इसका पता चल सकता है कि 12,600 करोड़ के पीएनबी फ्रॉड का पैसा कहां गया। जांच अधिकारियों और एक्सपर्ट्स ने बताया कि इससे कई सवाल भी खड़े हुए हैं। मसलन, कथित फर्जीवाड़ा करने वालों तक पैसा पहुंचाने के लिए किस तरह से अनजानी कंपनियों का इस्तेमाल किया गया।



## सचिन और अमला के खास क्लब में शामिल हुए क्रिस गेल

नई दिल्ली, (आरएनएस)। वेस्ट इंडीज के धाकड़ बल्लेबाज क्रिस गेल ने मंगलवार को आईसीसी वर्ल्ड कप क्वॉलिफायर मुकाबले में यूएई के खिलाफ शानदार शतक लगाया। इसके साथ ही उन्होंने साउथ अफ्रीका के हाशिम अमला और सचिन तेंडुलकर की बराबरी कर ली। वह अब एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 11 देशों के खिलाफ सेंचुरी लगाने वाले दुनिया के तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। इसी बीच शिमरॉन हेटमिअर ने अपनी पहली सेंचुरी लगाई। मंगलवार को हरारे में खेले गए इस मुकाबले में वेस्ट इंडीज ने यूएई को 60 रन से हरा दिया। गेल ने अपनी पारी में 11 छक्के और 7 चौके लगाए। उन्होंने 91 गेंदों पर 123 रनों की पारी खेली। वहीं हेटमिअर ने 14 चौके और 4 छक्के लगाए। उन्होंने 93 गेंदों पर 127 रन बनाए। इन शतकों की मदद से दो बार की विश्व चैंपियन टीम में 4 विकेट पर 357 का स्कोर बनाया। जवाब में यूएई की टीम छह विकेट पर 297 रन बनाए। वेस्ट इंडीज को 60 रन से जीत मिली। यूएई की ओर से रमीज शहजाद ने नाबाद 112 रन बनाए। यह 13 वनडे मैचों में उनका दूसरा शथक था। इस 107 रनों की पारी में उन्होंने नौ चौके और चार छक्के लगाए। इसके अलावा शाइमन अनवर ने 64 और अदनान मुफ्ती ने 45 रन बनाए। मैच के हीरो रहे 38 वर्षीय गेल ने 47 गेंदों पर अपनी हाफ सेंचुरी पूरी की इस दौरान उन्होंने 5 चौके और 3 छक्के लगाए। वहीं अगले 50 रन उन्होंने 32 गेंदों पर पूरे किए। इसमें उन्होंने दो चौके और पांच छक्के लगाए। गेल ने यूएई के रोहन मुस्तफा की गेंद पर सिंगल लेकर अपने वनडे करियर का 23वां शतक पूरा किया। इसके साथ ही यूएई उस लिस्ट में शामिल हो गया जिसके खिलाफ उन्होंने सेंचुरी लगाई है। उन्होंने इससे पहले, बांग्लादेश, कनाडा, इंग्लैंड, भारत, कीनिया, न्यू जीलैंड, पाकिस्तान, साउथ अफ्रीका, पाकिस्तान, न्यू जीलैंड, श्री लंका और जिम्बाब्वे के खिलाफ शतक बनाया है।साउथ अफ्रीका के अमला ने 164 वनडे इंटरनैशनल मैचों में 26 सेंचुरी लगाई हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, भारत, आयरलैंड, नीदरलैंड्स, न्यू जीलैंड, पाकिस्तान, श्री लंका, वेस्ट इंडीज और जिम्बाब्वे के खिलाफ सेंचुरी लगाई हैं। वहीं तेंडुलकर ने अपनी 49 शतक ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, कीनिया, नामीबिया, न्यू जीलैंड, पाकिस्तान, साउथ अफ्रीका, श्री लंका, वेस्ट इंडीज और जिम्बाब्वे के खिलाफ शतक लगाए हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग 29 सेंचुरी 10 देशों के खिलाफ बनाई हैं, जबकि उन्होंने अपना 30वां शतक एशिया एकादश के खिलाफ जनवरी 2005 में बनाया था।



## गौतम गंभीर 7 साल बाद फिर दिल्ली डेयरडेविल्स के होंगे कप्तान

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। भारत के दिग्गज क्रिकेट खिलाड़ी गौतम गंभीर सात साल बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दिल्ली डेयरडेविल्स की कप्तानी करते नजर आएंगे। वह इससे पहले 2010 में दिल्ली के कप्तान रह चुके हैं। राजधानी दिल्ली में बुधवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में इसकी घोषणा की गई. गौतम गंभीर इससे पहले 2008, 2009 और 2010 में टीम के साथ खिलाड़ी के तौर पर जुड़े थे. गौतम 2008 में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बने. उन्होंने 534 रन बनाए थे. गौरतलब है कि आईपीएल नीलामी के पहले दिन गौतम गंभीर की बोली चौंकाने वाला रहा था. कोलकाता नाइट राइडर्स को अपनी कप्तानी में दो बार विजेता बनाने वाले गौतम गंभीर को खरीदने में टीम के सह मालिक जूही चावला और शाहरुख खान ने दिलचस्पी नहीं दिखाई थी.आखिरकार दिल्ली डेयरडेविल्स ने गौतम गंभीर को 2 करोड़ 80 लाख में खरीदा. दिल्ली की टीम गौतम गंभीर की पुरानी टीम है, उन्होंने इसी टीम से आईपीएल की की शुरुआत की थी. आईपीएल के शुरुआती चार सीजन में दुनिया भर से महंगे खिलाड़ी और कोच जुटाने के बाद भी शाहरुख खान की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पा रही थी. इसके बाद शाहरुख खान ने खुद आगे बढ़कर गौतम गंभीर को करीब नौ करोड़ की कीमत देकर केकेआर में उन्हें शामिल किया था. गौतम ने भी शाहरुख के दांव की लाज रखते हुए केकेआर को अपनी कप्तानी में दो बार (2012-2014) आईपीएल का ताज दिलाया है. शानदार कप्तान हैं आईपीएल में गंभीर सबसे अच्छी बात यह है कि गौतम गंभीर ने शानदार कप्तानी के दम पर टीम के बाकी खिलाड़ियों से प्रदर्शन कराया. इसके अलावा उन्होंने खुद बल्ले से भी कमाल किया. कई मौके ऐसे आए जब गंभीर ने खुद शानदार पारी खेलकर केकेआर की जीत सुनिश्चित की. गंभीर ने अबतक आईपीएल में 148 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 31.78 की औसत से 4132 रन बनाए हैं. उन्होंने 35 अर्धशतकीय पारी भी खेली हैं. आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वालों में गंभीर चौथे स्थान पर हैं. सबसे ज्यादा अर्धशतक बनाने में पहले स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी डेविड वार्नर रहे तो 35 अर्धशतक बनाकर गौतम गंभीर दूसरे स्थान पर रहे.



## पत्नी के आरोपों पर शमी ने दी सफाई, बोले सब साजिश है

नई दिल्ली (आरएनएस)। सोशल मीडिया पर पत्नी द्वारा एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर्स के कथित आरोपों में घिरने के बाद टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने अपनी सफाई पेश की है। मोहम्मद शमी ने माइक्रोब्लॉगिंग वेबसाइट ट्विटर पर अपना बयान जारी कर इन सभी बातों को बकवास बताकर इनका खंडन किया है। इससे पहले उनकी पत्नी हसीना जहां ने सोशल मीडिया पर उनके एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर्स होने के संगीन आरोप लगाए थे। इसके बाद हसीना ने एक न्यूज चैनल पर भी अपने ये आरोप दोहराए हैं। मीडिया में यह मामला सामने आने के बाद, शमी ने ट्विटर पर अपनी सफाई दी है। उन्होंने लिखा, हाय, मैं मोहम्मद शमी हूं। ये हमारी निजी जिंदगी के बारे में जितनी भी चल रही हैं, ये सब सरासर झूठ है। ये हमारे खिलाफ कोई बहुत बड़ी साजिश रच रहा है, जो कोई भी यह कर रहा है उसका मकसद वह मुझे बदनाम कर मेरे खेल को खराब करना है। बता दें जब शमी की पत्नी ने अपने फेसबुक अकाउंट से मोहम्मद शमी के एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर्स होने के गंभीर आरोप लगाए थे। फेसबुक पोस्ट में उनकी पत्नी ने शमी के फोन पर अलग-अलग लड़कियों से की गई बातचीत और कथित तौर पर उनकी गर्ल फ्रेन्ड्स के कई स्क्रीन शॉट्स अपने फेसबुक अकाउंट पर शेयर किए थे।

## दिग्गजों ने उठाए विराट के एटीट्यूड पर सवाल तो भड़के शास्त्री,

नई दिल्ली (आरएनएस)। इन दिनों टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली का जादू कोच रवि शास्त्री के सिर चढ़कर बोल रहा है. क्रिकेट का कोई भी दिग्गज विराट को लेकर कोई सलाह दे या सवाल उठाए, ये उन्हें कतई बर्दाश्त नहीं है. इसीलिए विराट कोहली के उग्र स्वभाव पर सवाल उठाने वाले दिग्गजों पर उन्होंने एक बार फिर से निशाना साधा है. हालांकि उन्होंने इसके लिए किसी का नाम नहीं लिया है. उन्होंने विराट को सलाह देने वाले लोगों से कहा है कि उन्हें अपने काम से मतलब रखना चाहिए. कुछ दिनों पहले ही ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान स्टीव वॉ ने कहा था कि दक्षिण अफ्रीका दौरे में टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली का व्यवहार ज्यादा ही उग्र था. मुझे लगता है कि उन्हें कप्तान के तौर पर विकसित होने में अभी और समय लगेगा. उन्हें अपनी भावनाओं पर काबू रखना सीखना होगा. वह बहुत जल्दी उग्र हो जाते हैं. लेकिन उनके खेलने का तरीका यही है. हालांकि कोच रवि शास्त्री को अपने कप्तान के उग्र स्वभाव से कोई दिक्कत नहीं है. उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा कि ऐसे लोगों को मैं सिर्फ यही सलाह दूंगा कि वह अपने काम से काम रखें और हमें हमारा काम करने दें. शास्त्री ने कहा, मुझे लगता है कि विराट एकदम सही है. अगर कुछ दिक्कत होगी तो मैदान पर अंपायर है. मैच रैफरी भी है, जो किसी भी मसले को हल करने में सक्षम है. अगर उसके गुस्से से समस्या होगी तो मैच रैफरी इससे निपटेंगे. तो इसमें समस्या कहां है. रवि शास्त्री ने विराट की तारीफ करते हुए कहा कि कोहली उन्हें पाकिस्तान को विश्व कप जिताने वाले कप्तान इमरान खान की याद दिलाते हैं. शास्त्री ने कहा, विराट के लिए अभी सफर शुरू हुआ है. वह अभी भी काफी युवा हैं लेकिन इसके बावजूद वह श्रेष्ठ खिलाड़ियों में जगह बना चुके हैं. वह आगे बढ़कर नेतृत्व करना चाहते हैं.



## पेट्रोल, डीजल के खिलाफ बड़ी जंग की तैयारी

नई दिल्ली (आरएनएस)। नरेंद्र मोदी सरकार पेट्रोल और डीजल के खिलाफ बड़ी जंग छेड़ने की तैयारी में है। इसमें सरकार जैव ईंधन को बढ़ावा देने की प्लानिंग शुरू कर चुकी है। सरकार आने वाले वक्त में तकरीबन एक लाख करोड़ रुपए के निवेश का अनुमान भी लगा रही है। यह बात पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बताई। वह ईयू-इंडिया अडवांस बायोफ्यूल कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। बता दें कि कई रिपोर्ट्स में यह पहले ही आ चुका है कि किसी भी तरह के कूड़े, फल आदि के इस्तेमाल से डीजल बनाया जा सकता है। इसमें ऊर्जा की मात्रा भी काफी होती है। प्रधान ने बताया कि सरकार जैव ईंधन से जुड़ी एक नई राष्ट्रीय नीति पर काम कर रही है, जिसे जल्द ही कैबिनेट के सामने रखा जाएगा। बता दें कि तीन तरीके से जैव ईंधन बनाया जाता है। फिलहाल भारत पहली जनरेशन के तरीके से इसे बना रहा है। प्रधान के मुताबिक, आने वाले वक्त में अडवांस तरीकों का भी इस्तेमाल किया जाएगा। प्रेट्रोलियम मंत्री ने बताया कि हाल में पेश बजट 2018-19 में इस्तेमाल किए गए शब्द वेस्ट टू वेल्थ का भी जिक्र किया गया। उनके मुताबिक, इसमें गोबर धन स्कीम शुरू की गई है जिससे बायो-सीएनजी को बढ़ावा मिलेगा। प्रधान ने बताया कि पंजाब राज्य ने बायो-सीएनजी प्लांट लगवाने शुरू भी कर दिए हैं। उनके मुताबिक, केंद्र सरकार भी आने वाले वक्त में 12 अडवांस बायोफ्यूल रिफाइनरी लगाने वाली है। बता दें कि फिलहाल इंडियन ऑयल तीन बायोफ्यूल प्लांट चला रहा है। सूत्रों के मुताबिक, फिलहाल उनकी क्षमता प्रतिदिन 12 टन की है, जिसे आने वाले दो सालों में प्रतिदिन 100 टन करने का लक्ष्य रखा गया है।

## सरकारी बैंकों ने एफवाई17 में 81,683 करोड़ रुपये के लोन राइटऑफ किए

नई दिल्ली, (आरएनएस)। सरकार ने संसद को मंगलवार को बताया कि सरकारी बैंकों ने वित्त वर्ष 2016-17 के दौरान 81,683 करोड़ रुपये के लोन राइट-ऑफ किए। सरकार ने कहा कि इस निर्णय से कर्जदारों को कोई फायदा नहीं हुआ और उन पर देनदारी बनी हुई है। पंजाब नैशनल बैंक से जुड़े फ्रॉड के मामले में सरकार ने कहा कि अथॉरिटीज ने जानकारी जुटाने के लिए 13 देशों से संपर्क किया है। वित्त मंत्री अरुण जेटली ने एक सवाल के लिखित जवाब में बताया कि आरबीआई के डेटा के अनुसार पिछले वित्त वर्ष में राइट ऑफ किए गए लोन में एसबीआई ने 20,339 करोड़ रुपये के लोन राइटऑफ किए। उन्होंने कहा कि इस फाइनेंशियल ईयर में 30 सितंबर तक राइट-ऑफ किए गए लोन की मात्रा 28781 करोड़ रुपये रही। पब्लिक सेक्टर के बैंकों ने 2012-13 के दौरान 27231 करोड़ रुपये के लोन राइट-ऑफ किए थे। जेटली ने कहा कि नॉन-परफॉर्मिंग लोन को आरबीआई की गाइडलाइंस और बैंकों के बोर्ड्स की नीतियों के अनुसार राइट-ऑफ किया गया। पीएनबी स्कैम के मामले में सरकार ने कहा, अदालत ने 13 देशों को लेटर ऑफ रिक्वेस्ट जारी करके संबंधित कंपनियों की प्रॉपर्टी और उनके बैंक अकाउंट के डिटेल मांगे हैं। सरकार ने बताया है कि सीबीआई ने फ्रॉड से जुड़े मामलों में दो मुकदमे दर्ज किए हैं और 18 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में सरकार पर सदन में सवालों की बौछार हुई। सदन को सरकार ने बताया कि सीबीआई की एफआईआर के आधार पर ईडी ने भी प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग ऐक्ट 2002 के प्रावधानों के तहत दो मामले दर्ज किए हैं। क्या विसलब्लोअर हरि प्रसाद ने पीएनबी के साथ नीरव मोदी के फ्रॉड के बारे में 2016 में ही बता दिया था? इस सवाल के जवाब में सरकार ने कहा कि उन्होंने जो एफआईआर दर्ज कराई थी उसमें किसी फ्रॉड का जिक्र नहीं था। सरकार ने कहा, एस वी हरि प्रसाद ने मेहुल चोकसी और गीतांजलि ग्रुप के खिलाफ अपनी कंपनी मेवा जूलर्स के साथ धोखाधड़ी और जालसाजी करने की शिकायत दर्ज कराई थी। मेवा जूलर्स और गीतांजलि ग्रुप के बीच फ्रैंचाइजी अग्रीमेंट को लेकर निजी विवाद हुआ था। एस वी हरि प्रसाद ने जो शिकायतें या एफआईआर दर्ज कराई थीं, उनमें नीरव मोदी के कोई फ्रॉड करने का कोई जिक्र नहीं था। मीडिया में आई खबरों के मुताबिक प्रसाद ने दावा किया था कि ईडी, सीबीआई, सेबी और कंपनी मामलों के मंत्रालयों की तरफ से कोई जवाब नहीं मिलने पर उन्होंने पीएम ऑफिस को पत्र लिखकर फ्रॉड होने को लेकर आगाह किया था। सरकार ने इस संदर्भ में कहा है कि मामला निजी पक्षों के बीच का था और उसमें मनी लॉन्ड्रिंग का कोई मामला नहीं बन रहा था, इसलिए उसमें ईडी की तरफ से प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग ऐक्ट, 2002 के तहत कोई मामला दर्ज नहीं किया गया था। भारतीय रिजर्व बैंक के मुताबिक पीएनबी ने उसे लेटर ऑफ अंडरटेकिंग/फॉरेन लेटर ऑफ क्रेडिट के जरिए कुल 12,645.97 करोड़ रुपये फॉरन एक्सचेंज ट्रांजेक्शंस में घपला होने की जानकारी दी थी। सरकार ने फ्रॉड से जुड़े दूसरे सवाल के जवाब में कहा कि इसमें 6,498.19 करोड़ रुपये का घोटाला नीरव मोदी ग्रुप में होने की बात कही गई थी। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2016-17 के दौरान पब्लिक सेक्टर और प्राइवेट सेक्टर के बैंकों की तरफ से जालसाजी और धोखाधड़ी वाली कैटिगरी में दर्ज कराए गए एक लाख रुपये या उससे ज्यादा रकम के फ्रॉड के मामलों में कुल 12,092.64 करोड़ रुपये फंसे हुए हैं। सरकार ने यह बात भी राज्यसभा को बताई है।

## प्रतिद्वंद्वी जैसे ऑफर दे सकती हैं पुरानी टेलिकॉम कंपनियां

नई दिल्ली,(आरएनएस)। टेलिकॉम रेग्युलेटर आर एस शर्मा ने कहा है कि देश की टॉप टेलिकॉम कंपनियां किसी भी प्रतिद्वंद्वी के कम टैरिफ या फ्री ऑफर्स जैसे ऑफर देने के लिए आजाद हैं। शर्मा ने कहा कि हालांकि ऐसा करने में उन्हें प्रिडेटरी प्राइसिंग पर ट्राइ का आदेश का पालन करना होगा, जिसमें सिग्निफिकेंट मार्केट पावर (एसएमपी) को नए सिरे से परिभाषित किया गया है। टेलिकॉम रेग्युलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया के चेयरमैन शर्मा ने कहा, हम यह नहीं कह रहे कि आप कुछ नहीं कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, कोई एसएमपी भी अपना फ्री ऑफर दे सकता है। जब तक वह ऐसा कॉम्पिटिशन का गला घोटने के लिए नहीं करता, तब तक सब ठीक है। शर्मा के इन बयानों से भारती एयरटेल, वोडाफोन इंडिया और आइडिया सेल्युलर की चिंता कुछ दूर हो सकती है, जिन्होंने आरोप लगाया है कि ट्राइ का प्राइसिंग ऑर्डर रिलायंस जियो इन्फोकॉम के पक्ष में है क्योंकि इस आदेश ने केवल उन ऑपरेटरों को टैरिफ के मामले में फ्लेक्सिबिलिटी दी है, जिनके पास मार्केट में सब्सक्राइबर्स या रेवेन्यू का 30 पर्सेंट से कम हिस्सा है। एयरटेल और आइडिया ने टेलिकॉम डिस्प्यूट्स सेटलमेंट ऐंड अपीलेट ट्राइब्यूनल से गुहार लगाई थी कि इस प्राइसिंग ऑर्डर पर रोक लगाई जाए। उनकी मांग खारिज कर दी गई। एयरटेल और वोडाफोन-आइडिया पहले ही 30 पर्सेंट रेवेन्यू मार्केट शेयर की सीमा से ऊपर हैं। उन्होंने कहा है कि नई शर्तों के चलते वे फ्री या लागत से कम पर दिए जा रहे जियो के ऑफर का मुकाबला नहीं कर सकतीं। उनका कहना है कि जियो के पास यूजर्स या रेवेन्यू के लिहाज से 13-14 पर्सेंट मार्केट शेयर है और एसएमपी बनने में उसे कई तिमाहियां लगेंगी। वोडाफोन ग्रुप के सीईओ विटोरियो कोलाओ और भारती एयरटेल के चेयरमैन सुनील मित्तल ने कहा था कि ट्राइ के ऑर्डर का मतलब यह है कि वे अपने हाथ पीठ पर बांधकर जियो का मुकाबला करें।